## सार-समाचार

### नामदेव महाराज की शोभायात्रा निकाला

**बिजयनगर,** (निसं)। श्री नामदेव छीपा सेवा संस्थान बिजयनगर के तत्वाधान में बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई ।शोभा यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग बालाजी मंदिर रोड कृषि मंडी चौराहा पीपली चौराहा महावीर बाजार होते हुए वैष्णव भवन पहुंची । शोभायात्रा से पूर्व वैष्णव भवनपरिसर में में सीनियर सिटीजन का सम्मान समारोह व समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मोमेंटो कैटेगरी वाइज गोल्ड सिल्वर व ब्रांच मेडल सम्मान स्वरूप दिए गए । कदम शिक्षा की मीडिया प्रभारी राकेश छीपा ने बताया कि एक कदम शिक्षा की ओर के तहत समाज के छोटे बच्चों को उत्तर पुस्तिका देकर शिक्षा के लिए प्रेरित किया ।आयोजित कार्यक्रम मेंसमाज के वरिष्ठ जनलादूराम काकरवाल सुरेश चंद धनोपिया हीरालाल धनोपिया रमेश चंद बघेरवाल बिहारी लाल धनोपिया रामस्वरूप तलाइच बसंती लाल जेठाणिया लक्ष्मण कुमार अमरवाल कवरी लाल तलाईच मदन लाल सरावगी कन्हैया लाल तलाईच गोवर्धन लाल सरावगी नंदराम पटवा सत्यनारायण धनोपिया जगदीश नरबाण राधेश्याम दोसाया का सम्मान किया गया। संचालन सूर्य प्रकाश जी बघेरवाल द्वारा किया गया।

### राजकीय विद्यालय में 40 स्वेटर बांटे

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। सद्भावना सेवा ट्रस्ट किशनगढ़ शाखा अध्यक्ष शंभू सिंह चोरड़िया के सहयोग से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय काचरिया में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 40 स्वेटर वितरण किये। समाजसेवी शंभू सिंह चोरड़िया ने बताया की जरूरतमंद बच्चो की सेवा में सदैव तत्पर रहकर पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। गोविंद पाटोदिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में विष्णु मेघवंशी, मगनीराम जाट, जगदंबा फ्रेंडस क्लब काचरिया संयोजक रंगलाल जाट, महासचिव जगदीश गुर्जर, सुमेर गुर्जर, हेमराज जाट, रामलाल जाट, महावीर मेघावंशी, श्योराम मेघवंशी, सुरज, ओबीसी युवा मोर्चा महामंत्री हीरालाल जांगिड़, हेमराज जाट, मोतीराम जाट के अलावा प्रधानाध्यापिका प्रियंका, मनीष शर्मा, अनूप शर्मा, पूजा, प्रियंका, तारा सहित आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को स्वेटर बांटे

**ब्यावर** (निसं) गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा उदयपुर रोड़ शाखा ने कार्पोरेटिव सोशल रेस्पोसिबिलिटी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के लगभग 160 बच्चों को स्वेटर, चॉकलेट, बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम वार्ड नंबर 21 में स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजकुमार खंडेलवाल, शाखा प्रबंधक विपुल बिरानी थे तथा महिला बाल विकास अधिकारी नितेश यादव, विशिष्ठ अतिथि महिला सुपरवाइजर चंद्रकांता जोशी, आकांक्षा अग्रवाल, राहुल सांखला, नीरज रांकावत, जसवंत सिंह राठौड़, गोपाल कृष्ण गहलोत, हिमांशु वैष्णव, विजय खोकर,भंवरी देवी आदि अतिथियों का पार्षद राजेन्द्र तुनगरिया ने स्वागत किया।

### अनुसंधान अधिकारी सस्पेंड

**परबतसर** (निस) बरामदगी में घपला करने की कोशिश करने वाला परबतसर थाने के अनुसंधान अधिकारी रामस्वरूप को एसपी राममूर्ति जोशी ने सस्पेंड किया एसपी ने जांच परबतसर थानाधिकारी विनोद कुमार को दी। सी आई ने चोरी के 2 लाख रुपए बरामद किए। परबतसर में पत्रकार दामोदर पारीक के यहां चोरी 29 अक्टूबर 2022 को 2 लाख 80 हजार की हुई थी। कर्नाटक के आरोपी आर सुनील ने खुजली के पाउडर लगाकर की थी चोरी। अथक प्रयासों से मुल्जिम की गिरफ्तारी के बाद लेकिन अनुसंधान अधिकारी रामस्वरूप की नियत में खोट आया बताते हैं।

### ब्यावर कॉलेज खेल कूद प्रतियोगिता

**ब्यावर** (निसं) सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रति. के दूसरे दिन आज एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। छात्रा वर्ग की जेवेलियन थ्रो में शहनाज़ काठात, गुंजन रावत व पूजा चौहान ने क्रमशः पहला दूसरा वा तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 100 मी दौड़ में सोनू दगदी, पूजा मेघवाल, मनीषा, तस्तरी फेंक में पूजा चौहान, सुमन, गुंजन ने, ऊँची कूद में पूजा मेघवाल, गुंजन रावत, खुश्बू सेन ने, लम्बी कूद में गुंजन, पूजा मेघवाल, प्रियंका राठौड़ ने, क्रमशः पहला दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह आयोजित हुआ

■ संभागीय आयुक्त ने दिलवाई शपथ

**अजमेर,** (कासं)। जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह काआयोजन बुधवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के गांधी भवन में हुआ।

संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा ने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर एक सम्मानजनक पद है एवं इनका चुनाव संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा सभी संगठनों एवं कार्मिकों को यह दायित्व प्रदत है की योग्य नागरिक मतदान सूची से वंचित ना रहे। पात्र नागरिक का नाम जुड़ने से ना रह जाए तथा अपात्र का नाम नहीं जुड़ जाए यह मूल उद्देश्य है। मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के लिए विद्यार्थी एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई अथवा एक अक्टूबर को आवेदन कर सकते हैं। जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मतबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता को मतदान करना चाहिए। मतदाता को अपने अधिकार तथा जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र से बेहतर सरकार का कोई दूसरा रूप नहीं है।

समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा मतदान जागरूकता क्विज आयोजित की गई। कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग के द्वारा जारी थीम पर आधारित ब्लॉक स्तरीय निबन्ध लेखन, कविता लेखन एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अजमेर शहर स्तर पर प्रथम, द्वितीय विजेता विद्यार्थियों (विद्यालय एवं कॉलेज शिक्षा) को, निर्वाचन गतिविधियों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ तथा कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी अमृता मान, शिवाक्षी खांडल, भरत राज गुर्जर, तहसीलदार प्रीति चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक प्रफुल्ल चंद्र चौबीसातथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रदर्शनी में छूट

**अजमेर,** (कासं)। जिला स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023 का आयोजन अरबन हाट वैशाली नगर अजमेर में किया जा रहा है। इसमें खरीददारों को आधी कीमत पर खादी उत्पाद उपलब्ध करवाए जा रहे है। संभाग खादी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि वैशालीनगर स्थित अरबन हाट में 29 जनवरी तक जिला स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी दोपहर 12 बजे से सांय 9 बजे तक खुली है। प्रदर्शनी में राज्य एवं भारत सरकार के द्वारा राज्य निर्मित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि खादी ठ्ठामोद्योग प्रदर्शनी में भीलवाडा, नागौर, टोंक, अजमेर एवं जम्मू कश्मीर की खादी संस्था, समितियां एवं ग्रामोद्योग इकाईयां भाग ले रही है। खादी वस्त्रों में लेडिज, जेण्टस् ऊनी शॉल, जाकिट, कोट, कुर्ता, शर्ट एवं सूती पॉली खादी में लेडिज तथा जेण्टस् रेडीमेड वस्त्र उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री कर रहे है।

## किनसरिया ने बांटे पीले चावल

**परबतसर,** (निस)। भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर देवनारायण जन्म स्थली पर 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धर्म सभा मैं बुलावे के लिए बुधवार को पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया ने परबतसर शहर गांधी चौक रानी बाजार व्यास चौक मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र का दौरा कर लोगों को पीले चावल और मालेसरी डूंगरी की मिट्टी और पाती लोगों को आमंत्रित करने के लिए सोपी इस मौके पर किनसरिया ने कहा है कि शुभ कार्य से पूर्व पीले चावल बांटना भारत की संस्कृति है क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर गुर्जर समाज और अन्य समाज के लोगों को पीले चावल मिट्टी व पाती भैटकर 28 जनवरी को मालासेरी डूंगरी में भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर आयोजित धर्म सभा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है प्रधान प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने बताया 28 जनवरी को मालेसरी में आयोजित जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान देवनारायण के दर्शन कर धर्म सभा को संबोधित करेंगे इस मौके पर उपस्थित रहे पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीभगवान बग, प्रधान प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, हरलाल गुर्जर, नरेंद्र जयपाल, मोनू सिंह राठौड़ नैणिया, पार्षद पूनम चंद शर्मा, रामजीवण गोदारा, पूर्व सरपंच नंदाराम गुर्जर, गोगाराम गुर्जर, रामलाल गुर्जर, मुकेश तंवर, दिलीप गुर्जर, कानाराम गुर्जर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिदियाद में वार्षिक उत्सव मनाया

**परबतसर,** (निस) क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बिदियाद में आज वार्षिक उत्सव मनाया गया।संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद काला ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए सुरेश चंद्र व्यास पूर्व उपनिदेशक शिक्षा ने कहा कि संस्कारवान शिक्षा वर्तमान परिस्थिति में अति आवश्यक है। इन्होंने विवेकानंद का दृष्टांत सुनाते हुए अपने कर्तव्य का पालन करने को कहा।

उन्होंने ग्रामीणों से शिक्षा में विशेष दान का आहवान किया। इस अवसर पर सरपंच शरवन कुमार बुगालिया ने विद्यालय मरम्मत और रंग रोशन की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से कचरा कचरा वाहन में डालने की अपील की ताकि सफाई व्यवस्था अच्छी रहे। ग्राम पंचायत शिक्षा चिकित्सा पर विशेष ध्यान दे रही है। इस अवसरपर सीबीईओ हनुमान राम ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में गरीब स्तर के बच्चे पढ़ते हैं। अतः इन पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। डॉक्टर पृथ्वीराज तिवारी जी ने इस अवसर पर योग पर विशेष ध्यान देते हुए एक प्रिंटर देने की घोषणा की। पीईईओ राघवेंद्र सिंह शेखावत ने विद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि अल्प समय में ही विद्यालय द्वारा उच्च प्रगति की है। इस अवसर पर सुखदेव दास महाराज ,नेमीचंद तवर, रामनारायण सैनी, भंवरलाल बुगालिया, कैलाश मेहरा,इब्राहिम तेली, दयाल बड़ारडा, नेमीचंद बुगालिया, महेश चंद्र रानड, राधेश्याम लड्ढा, कैलाश चंद्र सेन, दिनेश दमामी आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सुचारू व्यवस्थित रखने के लिए अनीता देवी पारीक, सुनीता कुमारी जांगिड़, शक्ति सिंह, रणवीर सिंह, सुरेश चंद, रोशन बाई मीणा, गोपाल सोनगरा, रामदेव जी मुरली सोलंकी, धनाराम, रामदीन, जितेंद्र सोनी, अंजू बुगालिया आदि ने सहयोग दिया।

# गणपति पूजन के साथ मेले का शुभारम्भ

**ब्यावर** (निसं) विश्व पटल पर शहर को पहचान प्रदान करने वाले ऐतिहासिक बादशाह मेले हेतु गणपति पूजन कर मेले कि तैयारियो का शुभारम्भ किया। मेला संयोजक मुकेश गर्ग व राजकुमार गोयल ने बताया कि बादशाह मेला ब्यावर का प्रसिद्ध मेला ही नही बल्कि विश्व का प्रसिद्ध पर्यटन मेला है। इस मेले पर भारत के सभी क्षेत्रो से एतिहासिक मेले की देखने के लिए लोग आते है। इस मेले में विदेशो के पर्यटक भी शामिल होकर धूमधाम से मेले का आनंद नाचते गाते उठाते है।

धुलंडी के अगले दिन यह बादशाह मेला मनाया जाता है। प्रचार मंत्री भरत कुमार मंगल ने बताया कि इस वर्ष यह मेला 08 मार्च 2023 शनिवार को सांय 3:00 बजे बादशाह की सवारी भेरूजी के मंदिर से प्राम्भ होकर भारत माता सर्किल, अठासेन बाज़ार, महादेवजी की छत्री, फतेहपुरिया चौपड़, अजमेरी गेट, एसबीआई, उपखंड कार्यालय करीब सांय 6:00 बजे पहुँचेगी।

मंत्री पवन रायपुरिया ने बताया कि गणेश पूजन कार्यक्रम के दौरान समाज अध्यक्ष नितेश गोयल, मंत्री पवन रायपुरिया, निर्मल बंसल, रमेश बंसल, आरसी गोयल, कमल मुरारका, अमित बंसल, श्याम सिंहल, प्रेम जिंदल, अशोक गोयल, शैलेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश अठावाल, रोशन बादशाह, मुकेश अठावाल,राजेन्द्र एन अठावाल, लोकेन्द्र अठावाल, राजेंद्र राजकोट, जगदीश बादशाह, गोविंद सीकर वाला, श्याम सुंदर अठावाल,रजत अठावाल, सतीश सर्राफ, मुकेश सिंहल, सुनील जिंदल,अरविंद बंसल, कमल सर्राफ, राजेंद्र मंगल, चंदू अठावाल,कैलाश मूंदड़ा, दिनेश गर्ग, किशन जी पाली वाला,निखिल जिंदल, चिंटू गर्ग,अभय अठावाल, चिराग गर्ग आदि बन्धु उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### प्रतियोगी परीक्षा-2022 का कार्यक्रम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया। 12 फरवरी से 15 फरवरी 2023 तक 11 जिला मुख्यालयों पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि परीक्षा के सुगम संचालन हेतु 6 विषयों को दो ठ्ठपों में वर्गीकृत किया गया है। ग्रुप-ए में सामाजिक विज्ञान एवं हिन्दी तथा ग्रुप-बी में विज्ञान, संस्कृत, गणित एवं अंग्रेजी विषय रखे गए हैं। अटल ने कहा कि सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान प्रश्न-पत्र की परीक्षा का आयोजन 12 फरवरी 2023 को ग्रुप-ए के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक एवं ग्रुप-बी के लिए दोपहर 2 से 4 बजे तक किया जाएगा। 13 फरवरी 2023 को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा प्रातः 10 से 12.30 बजे तक तथा हिन्दी विषय की परीक्षा दोपहर 2.30 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। 14 फरवरी 2023 को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2.30 से 5.00 बजे तक संस्कृत विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 15 फरवरी 2023 को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक गणित विषय तथा दोपहर 2.30 से 5.00 बजे तक अंठोजी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### मतदाता दिवस पर शपथ ली

**शाहपुरा,** (नि.सं.)। श्री प्र.सिं.बा. राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रो. रामावतार मीना ने संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि लोकतान्त्रिक देश में जनप्रतिनिधियों के चयन हेतु मतदान की महती उपादेयता है। प्रत्येक वयस्क मतदाता को मतदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लेकर अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजीत जगरिया ने बताया कि 18 वर्ष की आयु प्राप्त प्रत्येक मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुडवाकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। महाविद्यालय विद्यार्थी मतदाता दिवस पर यह संकल्प लें कि आगामी चुनाव में निष्पक्ष रूप से भाग लेंगे कार्यक्रम में डॉ. पुष्कर राज मीणा, प्रो. मूलचन्द खटीक, डॉ. अनिल कुमार श्रोत्रिय, प्रो.सत्यजीत जेटली,डॉ. ऋचा अंगिरा, प्रो. जयकृष्ण त्रिपाठी, डॉ. हंसराज सोनी, प्रो. दिग्विजय सिंह, प्रो. प्रियंका ढाका, प्रो. शंकर लाल चौधरी, प्रो. अतुल कुमार जोशी, प्रो. नेहा जैन एवं सहायक लेखाधिकारी प्रथम कैलाश चन्द्र डोलिया, छात्रसंघ उपाध्यक्ष अभिषेक जाट इत्यादि उपस्थित थे।

### चैक अनादरण के आरोपी को सजा

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। न्यायालय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एन.आई. एक्ट प्रकरण संख्या-3) भीलवाड़ा ने चैक अनादरण के आरोपी/अभियुक्त को एक प्रकरण में 7 माह के कारावास तथा 4,26,000/- रूपयें के प्रतिकर से दण्डित किया।परिवादी रोनक सिंह आत्मज हरभजन सिंह पंजाबी निवासी बापूनगर भीलवाड़ा ने अधिवक्ता ललित सांखला के मार्फत एक परिवाद न्यायालय में अभियुक्त राजेश आत्मज शांति लाल शर्मा निवासी बापूनगर भीलवाड़ा, के विरूद्ध 3,00,000/- के चैक अनादरण बाबत् प्रस्तुत किया, जिसमें प्रस्तुत साक्ष्य व दस्तावेजों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी/अभियुक्त राजेश आत्मज शांति लाल शर्मा निवासी बापूनगर भीलवाड़ा को धारा 138 एन.आई. एक्ट के तहत चैक अनादरण के अपराध का दोषी मानते हुए प्रकरण में 7 माह के साधारण कारावास तथा 4,26,000/- रूपयें बतौर क्षितपूर्ति परिवादी को देने का आदेश दिया तथा अदम अदायगी प्रतिकर राशि प्रकरण में 1 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने का आदेश दिया।

### जसंवतपुरा में मनाया वार्षिक उत्सव

**अजमेर,** (कासं)।लोहरवाडा ठ्ठाम पंचायत समिति के गांव जसवंतपुरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिक उत्सव व पुरूस्कार वितरण समारोह बडी धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथिगण वार्ड पंच मोहन लाल शर्मा, सुनिल बैरवा, लोहरवाडा राजकीय विद्यालय के प्राचार्य राकेश जीनगर ने छात्र-छात्राओ को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका प्रमिला बोहरा, अध्यापक महेन्द्र चौधरी, नीरज गुर्जर व मिलीनी राय आदि मौजूद रहे।

### सी.एम. की चादर पेश

**अजमेर,** (कासं)। सीएम गहलोत की ओर से चादर पेश करने के बाद दरगाह के बुलंद दरवाजे पर डॉ खानु खान बुधवाली सहित अन्य नेताओं की दस्तारबंदी की गई। राजस्थान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ खानू खान बुधवाली ने बताया कि 27 जनवरी 2023 को यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के की चादर पेश की जाएगी। सोनिया गांधी की चादर पेश करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, इमरान प्रतापगढ़ी अजमेर आएंगे।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में कर्मचारियों ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मेत्रीय बैडमिंटन प्रतियगिता का आयोजन किया जिसमें 2 टीमों ने भाग लिया। एक टीम कुलपति और दूसरी कुलसचिव टीम थी जिसमें कुलसचिव टीम विजेता रही। विजेता टीम में उमेश शर्मा, शेखर गुप्ता, राजेश गर्ग ,महेश यादव, दीपक शर्मा उप विजेता टीम में डॉ मदन मीना, मुकेश मीणा, नीरज पवार, रमेश सोनी, नरेंद्र सोनी थे। मैच के निर्णायक राजकुमार गर्ग थे।

### प्रवेश-पत्र आज अपलोड होंगे

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 26 जनवरी 2023 को वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के तहत ग्रुप-सी एवं डी की सामान्य ज्ञान परीक्षा के प्रवेश-पत्र अपलोड किए जाएंगे। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि 29 जनवरी 2023 को 28 जिलों में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

# सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर पहुंचे

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे और 29 जनवरी तक रहेंगे।

जयपुर प्रांत के प्रांत संघचालक महेन्द्र सिंह मग्गो ने बताया कि डॉक्टर भागवत 26 जनवरी को केशव विद्यापीठ जामडोली में विद्यालय के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे और प्रातः ध्वाजारोहण करेंगे। इसी दिन दोपहर में संघ प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में कार्यकर्ता सपरिवार उपस्थित रहेंगे। 27 जनवरी को वे जयपुर के संघ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसी प्रकार 28 व 29 जनवरी को भी संघ के विभिन्न स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठकों में शामिल होंगे। इस दौरान संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर भी चर्चा करेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे।

बैठकों में समाज सशक्तिकरण की दिशा में चलने वाली गतिविधियों यथा कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और पर्यावरण पर भी मंथन होगा। उल्लेखनीय है कि सरसंघचालक का यह नियमित प्रवास है, जो दो वर्ष में एक बार प्रत्येक प्रांत में होता है। पिछले वर्ष चित्तौड़ प्रांत के उदयपुर में सरसंघचालक का प्रवास हुआ था। देशभर में संघ के 45 प्रांत है, इसी प्रकार राजस्थान क्षेत्र में जयपुर, चित्तौड़ और जोधपुर प्रांत है। प्रवास के क्रम में प्रांत को वर्ष में एक बार सरसंघचालक और दूसरी बार सरकार्यवाह का प्रवास मिलता है। इस दौरान समाज सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे विभिन्न कार्यों पर चर्चा होगी।

## होमगार्ड कल्याण कोष की राशि अन्य मदों में खर्च नहीं हो : हाईकोर्ट

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अंतरिम आदेश देते हुए कहा है कि प्रकरण के निस्तारण तक होमगार्ड कल्याण कोष में जमा राशि का उपयोग होमगार्ड के लिए ही किया जाए। इसके अलावा यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी पैसा अन्य गतिविधियों में खर्च नहीं हो। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश होमगार्ड समन्वय समिति की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी हजारों होमगार्ड के वेतन से प्रतिवर्ष राशि लेकर होमगार्ड कल्याण कोष बनाया गया है। इसमें होमगार्ड और उसके परिवार के कल्याण के लिए दैनिक वेतन से दस फीसदी राशि का संग्रहण किया जाता है, लेकिन इस फंड की कोई ऑडिट नहीं की जाती। इस कोष में करोड़ों रुपए की राशि जमा हो चुकी है। वहीं होमगार्ड से जुडे आलाधिकारी भी नाममात्र का अंशदान कर इस फंड के सदस्य बन जाते हैं।

वहीं फंड में जमा धनराशि का उपयोग होमगार्ड कल्याण के बजाए विभाग में फर्नीचर खरीद, कार पार्किंग के शेड निर्माण, और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों आदि पर खर्च किया जा रहा है। इस राशि को होमगार्ड के प्रोविडेंट फंड में हस्तांतरित करने के लिए बाध्य होने के बावजूद भी सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं भविष्य निधि विभाग भी मान चुका है कि इसके लिए पिछले एक दशक से राज्य सरकार से पत्राचार किया जा रहा है।

# अजमेर पहुंचा पाकिस्तानी जायरीन का जत्था

**अजमेर,** (कासं)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स में शरीक होने के लिए पड़ौसी देश पाकिस्तान से 240 जायरीन दल का जत्था बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अमृतसर से विशेष ट्रेन के जरिए अजमेर पहुंचा। दल के साथ पाक दूतावास के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं। अजमेर रेलवे स्टेशन पर उतरते ही पाक जायरीन ने जमीन चूमी और उर्स में शरीक होने के लिए ख्वाजा साहब का शुक्रिया अदा किया।

ख्वाजा साहब के सालाना उर्स में 240 सदस्यों का पाकिस्तानी जायरीन दल का जत्था अजमेर बुधवार सुबह अजमेर रेलवे स्टेशन पहुंचा। पाक दल के आगमन को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म नम्बर एक को सुरक्षा के लिहाज से खाली करवा लिया। अमृतसर से अजमेर आने वाले पाक जायरीन दल की स्पेशल ट्रेन से सुबह 9:5 मिनट पर आनी थी, लेकिन यह ट्रेन डेढ़ घंटे देरी से करीब 10:35 बजे अजमेर पहुंची। अजमेर सीआईडी जोन का दल भी ट्रेन में साथ आया। पाकिस्तानी जायरीन की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए, साथ ही स्टेशन के चप्पे चप्पे पर पुलिस सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों निगरानी में लगी रही। पाक दल के जायरीन को पांच रोडवेज की बसों के माध्यम कड़ी सुरक्षा के बीच चूड़ी बाजार स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल पहुंचाया गया, जहां जायरीन के लिए सभी इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा किए गए है।

अजमेर रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पाक दल में आए एक जायरीन ने बताया कि वह वर्ष 2004 में ख्वाजा उर्स के शिरकत करने अजमेर आया था और अब 17 साल बाद आने का मौका मिला है। यह ख्वाजा साहब का ही करम है। ख्वाजा साहब के दरबार में आने से मन को सुकून मिला है। उन्होंने कहा कि पाक जायरीन दल दोनों मुल्कों के आपसी सौहार्द के लिए दुआ मांगेंगे, चाहेंगे कि दोनों मुल्कों में खुशहाली बनी रहे।

ख्वाजा साहब के उर्स में आने वाले पाक जायरीन दल को उर्स शामिल होने के लिए अजमेर शहर में ठहराने वाले स्थान से दरगाह तक का ही ग्रुप वीजा मिलता है। ग्रुप से अलग हटकर कोई भी पाक नागरिक बाहर नहीं जा सकता है। प्रत्येक चार नागरिकों पर निगरानी के लिए एक जवान तैनात रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से उनके आने जाने पर बायोमेट्रिक सिस्टम से नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सालाना उर्स में विगत 20 वर्षों में पाक जायरीन के जत्थे में आने वाले 13 पाकिस्तानी जायरीन को वीजा उल्लंघन के मामले में ब्लैक लिस्टेड किया है।

# आज से शुरू होगा कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान

■ केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ तैयार की गई चार्जशीट को घर-घर पहुंचाएगी कांग्रेस

**जयपुर,** (का.प्र.)। भारत जोड़ो यात्रा के फॉलोअप प्रोग्राम के रूप में 26 जनवरी से चलाए जाने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जरिए कांग्रेस देश के 6 लाख गांव, 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 10 लाख मतदान बूथों में ब्लॉक अध्यक्षों और अन्य नेताओं की सहायता से केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट बांटेगी।

भ्रष्ट जुमला पार्टी नाम से तैयार की गई चार्जशीट को कांग्रेस जनता के बीच लेकर पहुंचेगी, जिसमें सूट-बूट की लूट के तहत देश के 10 प्रतिशत अमीरों के पास देश की 64 प्रतिशत और 50 प्रतिशत आबादी के पास 6 प्रतिशत संपत्ति होना, किसानों की कर्ज माफी नहीं होकर अरबपतियों को 72 हजार करोड़ की कर्ज माफी, खास मित्रों को 30 प्रतिशत बंदरगाह, एयरपोर्ट, बिजली उत्पादन और कोयले की खदान देना समेत कई बिंदु शामिल हैं।

इसके अलावा मोदी की छवि चमकाने पर टैक्स पेयर का 10 हजार करोड़ का प्रचार पर खर्चा, 90 प्रतिशत गुप्त इलेक्टोरल बांड से भाजपा की सरकारी हफ्ता वसूली, पार्टी भाई-भतीजा जनता पार्टी बनी, जिसमें राजनीतिक घरानों के 20 मंत्री, 14 एमपी और 31 एमएलए शामिल हैं। इसके साथ ही रोजगार, भुखमरी समेत कई बिंदु इस चार्जशीट में रखे गए हैं। कांग्रेस इसी चार्जशीट में केंद्र सरकार को चीन के मामले में भी घेरते दिखाई देगी, जिसमें उन्होंने साफ लिखा है कि भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर चीन का कब्जा है। वहीं, हंगर इंडेक्स में पाकिस्तान से भी नीचे है।

राजस्थान में भी 26 जनवरी से कांग्रेस की ओर से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के जरिए राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ता हर ब्लॉक पर हर मतदान बूथ तक पहुंचेंगे। इस अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी की ओर से आम जनता को घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों की चार्जशीट, राहुल गांधी का आम जनता के लिए संदेश, राजस्थान सरकार के जनता के लिए किए गए कामों की सीट के साथ ही हर घर में राहुल गांधी की तस्वीर लगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का स्टिकर लगेगा।

इस अभियान के लिए राजस्थान के प्रभारी बनाए गए आरसी खूंटियां भी अभियान के लिए जयपुर पहुंचेंगे, जो 26 जनवरी को अजमेर, 27 को भीलवाड़ा, 28 को चित्तौड़गढ़, 29 को उदयपुर और 30 जनवरी को राजसमंद में कार्यकर्ताओं के साथ हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अशोक